ASAP सेवाओं तक पहुँचना, अलग-अलग
दृष्टिकोणों और प्रथाओं को साझा करना

# गैर यूरोपीय संघ के देशों के नागरिकों के लिए एक गाइड - किताब

## क्रोएशिया के स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का इस्तेमाल कैसे करें ?

## क्रोएशिया के स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को समझना बिलकुल आसान नहीं होता है। तो चलिए, इसे हम सरल करें!

# क्रोएशिया में स्वास्थ्य बीमा (इन्शुरन्स)

# क्या क्रोएशिया में अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा सब लोगों के लिए ज़रूरी है ?

क्रोएशिया में आपको अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा लेना ज़रूरी है । क्रोआती कानूनों में, जैसे अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा और विदेशियों के स्वास्थ्य सरक्षण के अधिनियम और आदि, लिखा है कि किन-किन स्थितियों में ऐसा बीमा ज़रूरी नहीं है ।

अगर व्यक्ति का बीमा उन देशों में से एक में किया गया है जिसके साथ क्रोएशिया का सामाजिक बीमा (सुरक्षा) पर एक अंतरराष्ट्रीय समझौता होता है (ऑस्ट्रेलिया, बोस्निया और हर्जेगोविना, मोंटेनेग्रो, कनाडा, कोरिया गणराज्य, उत्तरी मैसेडोनिया, तुर्की और सर्बिया) ।

अगर व्यक्ति पहले से ही यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र या स्विस परिसंघ के सदस्य राज्यों में से एक में ही बीमाकृत था, तो तब अंतरराष्ट्रीय संधियों या यूरोपीय कानून के विशेष प्रावधान लागू होते हैं ।

इसके अलावा, अगर आप अंतरराष्ट्रीय या अस्थायी सुरक्षा में हैं, तो आपको क्रोएशिया में अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा लेना ज़रूरी नहीं हैं । क्यों ? इस स्थिति में, भले ही आप बीमीत न हों, फिर भी आपको अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के बीमित व्यक्ति के समान अधिकार प्राप्त हैं ।

आप एकऑनलाइन गाइड-किताब में अधिक जानकारी अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा चाहने वालों, शरण चाहने वालों और सहायक सुरक्षा के तहत विदेशियों के लिए क्रोएशिया के स्वास्थ्य प्रणाली की सेवाओं के बारे में पा सकते हैं । वह गाइड-किताब अंग्रेजी भाषा में ही है और इस वेबसाइट पर www.careformigrants.eu उपलब्ध है । आप इसे डाउनलोड भी कर सकते हैं ।

कभी तो अन्य लोगों को आपका अनिवार्य स्वास्थय बीमा के लिए पंजीकरण कराना पड़ता है । उदाहरण के लिए, व्यक्ति को नया काम मिल गया है और उसने और नियोक्ता के पास एक रोज़गार अनुबंध होता है । तभी नियोक्ता का काम ही होता है कि नए कर्मचारी को अनिवार्य पेंशन और स्वास्थ्य बीमा के लिए पंजीकरण कराना । नियोक्ता को उस पंजीकरण के लिए 8 दिन ही होते हैं नए कर्मचारी के साथ एक रोज़गार अनुबंध बनाने के बाद । अगले 8 दिनों में नियोक्ता तो अपने नए कर्मचारी को पंजीकरण की एक कॉपी भी देना पड़ता है ।

आप अपनी स्थिति की जांच कर सकते हैं - कि क्या आपके पास अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के बीमित व्यक्ति की स्थिति है-निम्नलिखित वेबसाइट पर: www.hzzo-net.hr/statos_OIB.htm । उस वेबसाइट पर, पहले बॉक्स में OIB चुनकर दूसरे बॉक्स में अपना OIB नंबर दर्ज करें । यदि आप बीमाकृत हैं, तो आपकी जानकारी दिखाई देगी जैसे नीचे दी गयी फोटो में । अगर आप बीमाकृत नहीं हैं, तो आपको एक सूचना मिलेगा क्रोआती भाषा में „Nema podataka za uneseni uvjet." । उस सूचना का अर्थ है कि कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं है उस OIB के लिए ।
अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के प्रणाली में बीमाकृत व्यक्ति होने के लिए यह जानना महत्वपूर्ण







है कि क्रोआती स्वास्थ्य बीमा संस्थान का क्षेत्रीय कार्यालय कहाँ है । क्योंकि क्रोआती स्वास्थ्य बीमा से संबंधित हर चीज़ निवास स्थान के अनुसार ही चलती है । अगर आप निश्चित नहीं हैं कि क्रोएशिया में रहते हुए आपको स्वास्थ्य बीमा के साथ क्या करना चाहिए (उदाहरण के लिए: क्या मुझे स्वास्थ्य बीमा लेना होगा ?, आदि), तो कृपया क्रोआती स्वास्थ्य बीमा संस्थान से जाँच करें । आप एक ईमेल भेज सकते हैं info@hzzo.hr या मुफ़्त फ़ोन कॉल कर सकते हैं (0800 7979) ।

क्रोआती स्वास्थ्य बीमा संस्थान या "HZZO" (हाज़ेज़ेओ) एक सार्वजनिक संस्थान है जो क्रोएशिया में अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा प्रदान करता है ।

**वेबसाइट:** www.hzzo.hr
**सुचना ई-मेल:** info@hzzo.hr

**मुफ़्त फ़ोन नंबर (टोल-फ्री नंबर) पर सुचना ले लें:**
अनिवार्य बीमा: 0800 7979
पूरक स्वास्थ्य बीमा: 0800 7989
ई-नियुक्ति (रोगी की नियुक्तियों की सूची के बारे में जानकारी): 0800 7229

## बच्चे के वयस्क होने या आपके रोज़गार की समाप्ति के बारे में HZZO को सूचित करें (क्रोएशिया में निवास, स्थायी निवास या दीर्घकालिक निवास वाले व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण)

अगर आपका क्रोएशिया का रोज़गार अनुबंध समाप्त हो जाता है, तो समाप्ति का कारण चाहे जो भी हो, आपको 30 दिनों के भीतर सब से नज़दीक HZZO के क्षेत्रीय कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से ही रिपोर्ट करना है। क्यों ? इस प्रकार, आप कोई अलग शुल्क चुकाए बिना बीमाकृत व्यक्ति रह सकते हैं।

**आपको अपने बच्चे को HZZO में तब पंजीकृत कराना चाहिए जब बच्चा 18 वर्ष का हो जाए और बच्चे के पास किसी अन्य आधार पर स्वास्थ्य बीमा न हो (उदाहरण के लिए रोज़गार अनुबंध के आधार पर काम नहीं करता हो, कॉलेज या विश्वविद्यालय में नहीं पढ़ता हो)।**

प्रारम्भिक पंजीकरण के बाद, आपको तो बीमित स्थिति को जारी रखने के लिए हर तीन महीने में एक बार HZZO के कार्यालय आना ज़रूरी है। अगर आप उस समय क्रोआती रोज़गार सेवा के बेरोज़गार व्यक्तियों के रजिस्टर में होते हैं, तो आपको ऐसा करने की ज़रूरत नहीं है।

अगर आप अपने रोज़गार अनुबंध की समाप्ति होने के 30 दिनों से अधिक के बाद HZZO के कार्यालय में आएँ पंजीकरण करने के लिए, तो कानून के द्वारा हो सकता है कि आपको अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के लिए पैसे देना होगा। ऐसा कब होता है ? जब आप किसी भी अन्य आधार पर बीमित व्यक्ति न हो सकते हैं।

# क्या मुझे डॉक्टर के पास प्रत्येक मुलाकात के लिए पैसे देना होगा ?


क्रोएशिया में चिकित्सीय परीक्षण, उपचार, दवाइयों के नुस्खे या किसी अन्य स्वास्थ्य सेवा के अधिकार के लिए आपको कभी तो **अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा ।** यह कब होता है ? यह तो आपके अधिकारों के स्तर पर निर्भर होता है और सेवा के प्रकार पर भी ।

## अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा


### सफ़ेद या नीला कार्ड

क्रोएशिया में रहने वाले अधिकांश लोग अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के बीमाकृत व्यक्ति होते हैं । इसके आधार पर, व्यक्ति अतिरिक्त शुल्क के बिना कुछ स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं, जैसे बच्चों का स्वास्थ्य देखभाल, कुछ संक्रामक रोगों का उपचार (इलाज), "दवाओं की मूल सूची" में लिखी हुई दवाएँ लेना और अन्य सेवाएँ जो कानून के अनुसार ही हैं ।
जो व्यक्ति अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के बीमाकृत हो जाते हैं उसे एक सफ़ेद या नीला कार्ड प्राप्त होता हैं जैसे नीचे दी गयी फोटो में दिखाया गया है ।





कुछ मामलों में, अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के लिए अलग से शुल्क देना आवश्यक है। यह शुल्क कौन और कब देता है? उदाहरण के लिए अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के लिए शुल्क देना होगा उस व्यक्ति को जो गैर-यूरोपीय संघ का नागरिक है। इसका मतलब है कि उस देश के साथ क्रोएशिया का अंतरराष्ट्रीय समझौता नहीं होता है और कि उस व्यक्ति का एक छात्र के रूप में क्रोएशिया में अस्थायी निवास है। अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के लिए शुल्क देना होगा उस व्यक्ति को भी जिसने कानून के अनुसार 30 दिन के अंदर HZZO को रोज़गार अनुबंध की समाप्ति का रिपोर्ट नहीं किया ।



HRVATSKI ZAVOD ZA MIROVINSKO OSIGURANJE
Obrazac eM-1P
PRIJAVA O POČETKU OSIGURANJA

ID prijave: 123456
E01001234567
Obveznik: [IME POSLODAVCA]

| | | |
|---|---|---|
| Podaci o osiguraniku/ici (HZMO) | | |
| Kategorija osiguranika | XXXXXXX | x |
| Radni nalog / ustrojstvena jedinica | xxxxx | xxxx |
| 1. Osobni broj osiguranika/ice | | xxxxxxxxxx |
| 1.a. OIB osiguranika/ice | | xxxxxxxx |
| 2. Matični broj građana / Datum rođenja, spol | Xxxxxxxxx,yy | xx |
| Podaci o obvezniku | | |
| 3. Registarski broj obveznika doprinosa | | xxxxxxxxxx |
| OIB obveznika | xxxxxxxxx | |
| 4. Općina mjesta rada - prebivališta | xxxxxxxx | yyyyyy |
| 5. Matični broj poslovnog subjekta | xxxxxxxxx | |
| Naziv i sjedište obveznika doprinosa | xxxxxxxxxxxxxxxxxxxx | |
| Podaci o osiguraniku/ici | | |
| 6. Prezime i ime osiguranika | xxxxxxxx | |
| 7. Osnova osiguranja | xxxxxxxxx | xxxx |
| 8. Datum stjecanja svojstva osiguranika/ice | | XXXXXXX |
| 9. Dnevno radno vrijeme osiguranika/ice | XXh | xx |
| 10. Zanimanje | xxxxxxxxxxxxx | xxxxxxxx |
| Pobliže određenje zanimanja | - | |
| 11. Stvarna stručna sprema/vrsta i razina obrazovanja | xxx | xx |
| 12. Potrebna stručna sprema/vrsta i razina obrazovanja | xx | xx |
| 13. Korisnik/ca mirovine u osiguranju | xx | - |
| 14. Status osobe s invaliditetom | xx | - |
| 15. Vrsta osnovice | - | |
| 16. Radno mjesto, zanimanje osiguranici osobe s invaliditetom staž kojima se osiguranja računa s povećanim trajanjem / Naziv radnog zanimanja i i osiguranici osobe s invaliditetom | xxxxx yy mjesta, | |
| 17. Ugovor o radu sklopljen na | xxxxxxx | yy |
| 18. Mjesto i datum: MJESTO, DATUM | | |
| 19. Datum i vrijeme obrade: XXXXXXXXXXX | | |



IZVJEŠĆE o privremenoj nesposobnosti / spriječenosti za rad

1. ŠIFRE UZROKA PRIVREMENE NESPOSOBNOSTI / SPRIJEČENOSTI ZA RAD

1A. PODACI O KORISNIKU NJEGE I PRATNJE

1B. PODACI O PRIVREMENOJ NESPOSOBNOSTI ZA RAD

2. OBRAČUN NAKNADE PLAĆE OSIGURANIKU

3. KONTROLA OBRAČUNA U HZZO

# स्वैच्छिक अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा

## नारंगी कार्ड

कई स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पैसे देना ज़रुरी है। यही कारण है कि लोग क्रोएशिया में बीमा कंपनियों में से एक के साथ अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) बनाते हैं। इस प्रकार, एक निश्चित कीमत (मूल्य) के लिए, वे विभिन्न बीमा पॉलिसियों में से अपना ही चुनते हैं:

### a) पूरक स्वास्थ्य बीमा

पूरक स्वास्थ्य बीमा से क्या फ़ायदा होता है ? इस बिमा का मतलब है कि थोड़ा-सा खर्च करके, जब भी आप डॉक्टर के यहाँ जाएंगे, आपको कोई भी खर्च नहीं होगा। इस बीमा के साथ आप अपने पारिवारिक डॉक्टर के यहाँ, स्त्री रोग के डॉक्टर के यहाँ या दांत डॉक्टर के यहाँ जा सकते हैं, बिना खर्च। क्यों ? क्योंकि आप अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के खर्च के



लिए तो पहले से बीमित हैं। और बाकी खर्च के हिस्से के हर स्वास्थ्य सेवा के लिए यह आपका स्वास्थ्य बीमा तो है। उदाहरण के लिए, जिन लोगों के पास पूरक स्वास्थ्य बीमा का पॉलिसी नहीं है, उन्हें पारिवारिक चिकित्सा, स्त्री रोग या दंत चिकित्सा के डॉक्टर के यहाँ जाकर पैसा देना पड़ेगा।

**b) अतिरिक्त स्वास्थ्य बीमा**
इस बीमा के साथ, आपको अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के मानक की तुलना में स्वास्थ्य देखभाल का उच्च मानक मिलता है। अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा से प्राप्त अधिकारों की तुलना में आपको अधिकारों का दायरा भी अधिक मिलता है।

जब आप पहली बार किसी डॉक्टर या अस्पताल के पास जाएंगे, तो चिकित्सा कर्मचारी आपसे आपका स्वास्थ्य बीमा कार्ड दिखाने के लिए कहेंगे। इससे आपके अधिकारों का स्तर तय होगा। यदि आप अंतरराष्ट्रीय या अस्थायी संरक्षण वाले हैं तो यह आप पर लागू नहीं होता है। इस मामले में, आपको एक अलग दस्तावेज़ (डॉक्यूमेंट) दिखाना होगा।

## अंतरराष्ट्रीय या अस्थायी संरक्षण में व्यक्तियाँ

यह जानना ज़रुरी है! चाहे आप शरण चाहने वाले हैं, सहायक या अस्थायी सुरक्षा की व्यक्ति हैं, या एक ऐसे परिवार के सदस्य हैं, तो आपको स्वास्थ्य देखभाल की सेवाओं पर अधिकार होता है। **अपना अधिकार आप सिर्फ़ एक ही दस्तावेज़ (डॉक्यूमेंट) के अनुसार उपयोग कर सकते हैं। उस दस्तावेज़ आपको सिर्फ़ आतंरिक मामलों के मंत्रालय दे सकता है। उस दस्तावेज़ का नाम है निवास परमिट (अनुमति)।** इस स्थिति में, भले ही आप बीमीत न हों, फिर भी आपको अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के बीमित व्यक्ति के समान अधिकार प्राप्त हैं।

# ओह! मुझे दर्द हो रहा ह - मैं क्या करूँ, कहाँ जाऊँ ?

## आपातकालीन चिकित्सा

क्रोएशिया में हर व्यक्ति का अधिकार तो है आपातकालीन चिकित्सा सेवा की मदद पर और आवश्यक इलाज पर । हर व्यक्ति का मतलब है वे भी लोग जिसका प्रवास क्रोएशिया में विनियमित नहीं है ।

अगर ऐसी स्थिति है कि चोट या अचानक-सी बिमारी के कारण आपका जीवन बड़े खतरे में हो सकता है बिना इलाज तो क्या-क्या करना है ? ऐसी स्थिति में आपको यह करना ज़रूरी है:

- आपातकालीन सेवा को फ़ोन करना । आपातकालीन चिकित्सा सेवा का फ़ोन नंबर है 194; उसके अलावा एक और फ़ोन नंबर है 112 जिसपर आप कोई भी आपातकालीन सेवा को बुला सकते हैं (पुलिस, चिकित्सा सेवा या दमकल) ।
- अगर आप यह कर सकते हैं, तो सब से नज़दीकी आपातकालीन चिकित्सा सेवा के केंद्र तक चला जाइये ।

सब से पहले आपको क्या करना है ? 1. जब भी संभव हो, तो अपने प्राथमिक देखभाल डॉक्टर या फार्मासिस्ट को फ़ोन पर बुला दें । 2. काम के घंटों के बाहर, आपातकालीन क्लिनिक में डॉक्टर को या आपातकालीन दवाखाना (फार्मेसी) में फार्मासिस्ट को बुलाएँ । 3. उसके बाद अगर ज़रूरी हो, तो सब से नज़दीकी आपातकालीन चिकित्सा सेवा के केंद्र तक जाइये ।

## गैर-आपातकालीन चिकित्सा स्थिति

अन्य सभी स्थितियों में, जैसे बुखार, खांसी, पीठ में दर्द, गले में खराश, दांत दर्द, गठिया और अन्य गैर-आपातकालीन स्थितियों में, प्राथमिक देखभाल डॉक्टर के यहाँ जाकर बात करना ज़रूरी है ।

## प्राथमिक देखभाल डॉक्टर कौन-कौन हैं ?

जब भी आपको कोई स्वास्थ्य की तकलीफ़ होती है तो आपको सबसे पहले **अपने सामान्य / पारिवारिक डॉक्टर** के यहाँ जाना है । आपका प्राथमिक देखल का डॉक्टर (आदमी या औरत हो सकता है) आपके स्वास्थ्य की देखभाल करता / करती है यानी आपकी सामान्य स्वास्थ्य की समस्याओं का इलाज करता / करती है । अगर ज़रूरी हो, तो आपका डॉक्टर आपको चिकित्सा के विशेषज्ञों के पास भेजता / भेजती है ।

## बीमारी की छुट्टी - काम के लिए अस्थायी अक्षमता

पारिवारिक चिकित्सा का / की डॉक्टर बीमारी की छुट्टी की शुरुआत, अवधि और समाप्ति का तय करने के लिए ज़िम्मेदार है। श्रम कानून के अनुसार, बीमारी छुट्टी की शुरुआत से तीन दिन के अंदर आप तो नियोक्ता (मालिक) को डॉक्टर का प्रमाण पात्र देने के लिए बाध्य हैं। प्रमाण पात्र में लिखा होगा कि आप काम के लिए अस्थायी अक्षम हैं यानी कि आप अपना काम बीमारी के कारण न कर सकते हैं। उस पात्र में लिखा भी होगा कि कब तक आपको काम पर जाना नहीं है। ऐसा प्रमाण पात्र जिसका नाम क्रोआती भाषा में है doznaka za bolovanje (बिमारी भत्ता), तो आपको चुना हुआ पारिवारिक चिकित्सा का / की डॉक्टर देता / देती है।

**दंत चिकित्सा का डॉक्टर / दंत चिकित्सक** (stomatolog) दंत रोगों और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं में विशेषज्ञ डॉक्टर होता है।

## आपातकालीन ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर कहाँ मिलेंगे ?

अगर आपको पारिवारिक डॉक्टर, दंत डॉक्टर या छोटी, पूर्वस्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य देखभाल के डॉक्टर की ज़रूरत है, लेकिन आपके चुने हुए डॉक्टर के काम के घंटों के बाहर, तो नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्रों में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों के पास जाना संभव है। आप अपने चुने हुए डॉक्टर या नर्स / तकनीशियन से अपने स्थानीय (नज़दीकी) स्वास्थ्य केंद्र में ड्यूटी के घंटों के बारे में समय पर बात कर लें।

**स्त्री रोग विशेषज्ञ** एक ऐसा डॉक्टर होता है जो महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य में मदद करता है। उसमें गर्भावस्था की निगरानी, प्रजनन संबंधी विकारों का निदान और उपचार(इलाज), और नियमित जांच और परीक्षण शामिल होते हैं। इस बात पर जोर देना महत्वपूर्ण है कि आज-कल कम स्त्री रोग डॉक्टरों के कारण उपयुक्त स्त्री रोग डॉक्टर को ढूंढना और उसके पास पंजीकरण कराना मुश्किल है। इसलिए, स्त्री रोग विशेषज्ञ की खोज के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है।

**बाल रोग विशेषज्ञ** एक ऐसा डॉक्टर होता है जो शिशुओं, बच्चों और पूर्वस्कूली बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल करता है।

## निवारक चिकित्सा परीक्षाएँ

कुछ बीमारियों और स्वास्थ्य स्थितियों के लिए, उनका जल्द से जल्द पता लगाना और उनका इलाज करना बिलकुल महत्वपूर्ण होता है। इस कारण से, क्रोएशिया में विभिन्न निवारक परीक्षाएँ की जाती हैं। उदाहरण के लिए:

- सर्वाइकल कैंसर का शीघ्र पता लगाने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के अनुसार 25 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाओं को हर तीन साल में एक निवारक परीक्षा कराने की आवश्यकता होती है, जिसमें पैप परीक्षण भी शामिल होता है। परीक्षण के परिणाम के आधार पर, स्त्री रोग डॉक्टर तो महिला को आगे की परीक्षाओं के लिए या दूसरे डॉक्टरों के यहाँ भेज सकता है।

- राष्ट्रीय स्तन कैंसर प्रारंभिक परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार 50 से 69 वर्ष की महिलाओं को हर दो साल में एक मुफ्त मैमोग्राम कराना आवश्यक होता है।


अनिवार्य स्वास्थ्य बीमा के प्रत्येक बीमित व्यक्ति को एक सामान्य डॉक्टर, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ और दंत डॉक्टर चुनने का अधिकार है। कोई भी स्वास्थ्य समस्या होने पर आप सामान्य डॉक्टर के पास जा सकते हैं। चयनित प्राथमिक देखभाल डॉक्टर को देखने के लिए रेफरल की आवश्यकता नहीं है। डॉक्टर या प्रैक्टिस के आधार पर, कभी-कभी डॉक्टर या नर्स / तकनीशियन के निर्देशों के अनुसार फ़ोन, ई-मेल या किसी अन्य तरीके से पहले से बुलाना और नियुक्ति मिलना आवश्यक होता है।


# मैं अपना सामान्य / पारिवारिक डॉक्टर, दंत चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ या बाल रोग विशेषज्ञ कैसे चुन सकता / सकती हूँ ?

स्वास्थ्य केंद्रों और डॉक्टर के कार्यालयों (सर्जरी) में प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। डॉक्टर और नर्स वहाँ साथ-साथ काम करते हैं। आप वेबसाइट पर क्रोएशिया में हर काउंटी के लिए स्वास्थ्य केंद्रों की सूची पा सकते हैं: https://zdravlje.gov.hr/kontakti/kontakti-zdravstvenih-ustanova/domovi-zdravlja-1500/1500 ।

अपने घर / अपार्टमेंट के नज़दीक किसी स्वास्थ्य केंद्र या सर्जरी में डॉक्टर का चयन करना सबसे अच्छा है। लेकिन हो सकता है कि नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र या सर्जरी में डॉक्टर नए रोगियों (मरीज़ों) को नहीं स्वीकार कर सकता / सकती है। क्यों ? हो सकता है कि उनके पास पहले से ही उनके बहुत सारे मरीज़ होते हैं। उस पर ध्यान रखना बिलकुल ज़रूरी है।

वेबसाइट पर आप खोज सकते हैं कि आपके अपार्टमेंट / घर के पास कौन से डॉक्टर काम करते हैं। इस खोज इंजन का उपयोग करके आप यह पता लगा सकते हैं कि उनमें से कौन नए रोगियों (मरीज़ों) को स्वीकार कर सकता है: https://e-usluge.hzzo.hr/trazilicaugovorapzz/ ।



# ई-सर्च इंजन (e-tražilica) का इस्तेमाल कैसे करें ?

1. “बस्ती (शहर) का चयन" फ़ील्ड में, उस बस्ती (शहर) का नाम दर्ज करें जहाँ आप रहते हैं या आपके घर / अपार्टमेंट के सब से नज़दीकी बस्ती का नाम दर्ज करें। क्रोआती भाषा में लिखा होगा „odabir naselja“ ।


2. खोज इंजन में आप जिस प्रकार के डॉक्टर की तलाश कर रहे हैं उसका चयन करें:
   a) सामान्य / पारिवारिक प्रैक्टिस डॉक्टर (opća / obiteljska medicina)
   b) बाल रोग विशेषज्ञ (zdravstvena zaštita predškolske djece)
   c) महिला स्वास्थ्य देखभाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) (zdravstvena zaštita žena)
   d) दंत स्वास्थ्य देखभाल (dentalna zdravstvena zaštita)

   जब आपने खोज इंजन में शहर और डॉक्टर का प्रकार दर्ज किया है, तो आपको पत्ते की दाईं ओर डॉक्टरों की एक सूची प्रदर्शित होगी। आप तब उनकी सर्जरी के पते भी देख सकते हैं। इसके अलावा आप भी देख सकते हैं अगर वे नए रोगियों (मरीज़ों) को स्वीकार कर सकते हैं कि नहीं। कैसे ? डाक्टरों की उपलब्धता चार रंगों में प्रदर्शित होती हैं:
   a) “लाल रंग" का अर्थ है कि उस डॉक्टर के यहाँ नए मरीज़ों के लिए जगह बिलकुल नहीं है।
   b) “पीला रंग" का अर्थ है कि वह डॉक्टर सिर्फ़ ख़ास मरीज़ों को स्वीकार करता / करती है। आपको पंजीकरण के बारे में उनसे बात करना होगा।
   c) “हरा रंग" का अर्थ है कि उस डॉक्टर के यहाँ नए मरीज़ों के लिए पंजीकरण संभव ही है।
   d) “सफ़ेद रंग" का अर्थ है कि स्वास्थ्य टीम अभी ही बनता जाता है तो नए मरीज़ों के लिए पंजीकरण की अधिक संभावना है।

प्राथमिक देखभाल चिकित्सक (डॉक्टर) के यहाँ पंजीकरण करने के लिए, आमतौर पर स्वास्थ्य केंद्र या डॉक्टर के कार्यालय में डॉक्टर के सहायक (नर्स या तकनीशियन) से बात करना काफ़ी होता है।

# आप स्त्री रोग विशेषज्ञ को कैसे चुनें ?

वेबसाइट पर (https://necurak.hzjz.hr/za-zene/popis-ginekologa/) आप क्रोएशिया के सभी स्त्रीरोग क्लीनिकों की सूची पा सकते हैं। मानचित्र पर, सबसे पहले उस काउंटी या क्षेत्र का चयन करने के लिए क्लिक करें जिसमें आप स्थित हैं। इस तरह आपको डाउनलोड के लिए अपने पूरे क्षेत्र में क्लीनिकों की सूची वाली एक फ़ाइल मिल जाएगी। उस सूची में, आपको फ़ोन नंबर और पता, साथ ही स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ अपॉइंटमेंट (बातचीत) के लिए औसत दिनों की प्रतीक्षा का समय मिलेगा।




GINEKOLOŠKE ORDINACIJE U ZAGREBU

| GRAD | SJEDIŠTE ORDINACIJE | ADRESA | GINEKOLOG | KONTAKT | NARUČIVANJE/ RADNO VRIJEME | OKVIRNO VRIJEME ČEKANJA ZA TERMIN |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ZAGREB | Privatna ordinacija | Bosutska ulica 30 | Dr.JEAN CHEDID | 01/ 6115-196 | pon, sri, pet - ujutro | 5-7 dana |
| | Privatna ordinacija | Mirogojska cesta 11 | Dr.MARIO ĆURIĆ | 01/4501 438 | P-J, N-P | 1 mj. |
| | Privatna ordinacija | Avenija Većeslava Holjevca 22 | Dr.DIANA DROPULIĆ-VIDAKOVIĆ | 01/659 - 8422 | pon,čet-jutro | 15-21 dan |
| | Privatna ordinacija | Ulica Matka Laginje 16 | Dr. REFAT EL HAJJ | 01/4604 138 | P-J, N-P | 2 tj. |
| | Privatna ordinacija | Avenija Većeslava Holjevca 22 | Dr. ANTONELA MAĐOR-BOŽINOVIĆ | 01/ 6598-468 sestravanda52@gmail.com | P-J, N-P | 2-3 tj. |
| | Privatna ordinacija | Kauzlarićev prilaz 7 | Dr. IVAN MARČETA | 01/6670 - 722 | P-J, N-P | 15 dana |
| | Privatna ordinacija | Ulica Josipa Runjanina 4 | Dr. INGA MATEZOVIĆ | 01/4897 - 616 | P-J, N-P | 2 - 3 tj |
| | Privatna ordinacija | Kruge 44 | Dr. JADRANKA PUVAČIĆ SOLOMUN | 01/6062 -471 jpuvacic@gmail.com | P-J, N-P | 10-14 dana |

**नर्स / चिकित्सा तकनीशियन** स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में व्यक्तियों, परिवारों और संपूर्ण आबादी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए अपना काम करता है । ऐसा व्यक्ति रोगी (मरीज़) को अच्छी देखभाल देने के लिए अलग-अलग सेवाएँ देकर काम करता है ।
नर्स / मेडिकल तकनीशियन का काम क्या-क्या होता है ? नर्स / तकनीशियन मरीज़ों की देखभाल करते हैं, डॉक्टर के लिए प्रशासनिक काम करते हैं, मरीज़ों को जांच के लिए आदेश देते हैं (कब आना है, कहाँ और कैसे), मरीज़ के मेडिकल रिकॉर्ड का प्रबंधन करते हैं, मरीज़ों की स्वास्थ्य स्थितियों की निगरानी करते हैं, विभिन्न स्वास्थ्य स्थितियों की रोकथाम पर काम करते हैं, मरीज़ को समझाते हैं कि उपचार कैसे लेना है, मरीज़ों को क्या-क्या दूसरे जाँच के पहले करना चाहिए, आदि ।
जब आप स्वास्थ्य केंद्र या डॉक्टर के कार्यालय (सर्जरी) में आएं, तो पहले नर्स या तकनीशियन से बात करना पड़ता है । आवेदन करते समय, आपको उन्हें अपना स्वास्थ्य बीमा कार्ड या, यदि आप अंतरराष्ट्रीय या अस्थायी सुरक्षा के तहत एक व्यक्ति हैं, तो एक अन्य उपयुक्त दस्तावेज़ देना होगा । जब डॉक्टर को दिखाने की आपकी बारी आएगी, तो नर्स या तकनीशियन आपको कार्यालय में प्रवेश करने के लिए बुलाएँगे ।

# चिकित्सा परीक्षण / चिकित्सा जाँच / चुने हुए डॉक्टर के कार्यालय (सर्जरी) के बाहर इलाज

## डॉक्टर का रेफ़रल (uputnica) क्या है ?

यदि रोगी (मरीज़) की स्वास्थ्य देखल करने के लिए चाहिए कुछ जो डाक्टर अपने स्वास्थ्य केंद्र या कार्यालय में कर नहीं सकता है, तो डॉक्टर मरीज़ को एक रेफ़रल जारी करेगा। यह रेफ़रल किस-किस चीज़ के लिए हो सकता है ? रेफ़रल हो सकता है एक विशेषज्ञ जाँच के लिए (उदाहरण के लिए त्वचा विशेषज्ञ - त्वचा रोगों के लिए डॉक्टर के यहाँ जाने के लिए), नैदानिक परीक्षण के लिए (उदाहरण के लिए घुटने का चुंबकीय अनुनाद) या जब भी कोई स्वास्थ्य सेवा आपके चुने हुए प्राथमिक देखभाल के डॉक्टर के यहाँ नहीं दी जा सकती है।

### स्वास्थ्य पोर्टल (Portal zdravlja)

स्वास्थ्य पोर्टल एक वेबसाइट है। इस वेबसाइट पर हर विदेशी जो क्रोएशिया में विनियमित निवास वाला होता है, यह कर सकता है:

- ऐसा प्रत्येक विदेशी अपने स्वयं के चिकित्सा डेटा के उस हिस्से के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है जिस हिस्से को क्रोएशिया में स्वास्थ्य प्रणाली में संसाधित किया जाता है।
- ऐसा प्रत्येक विदेशी अपने चुने हुए सभी डॉक्टरों की सूची और चुने हुए डॉक्टर के साथ अलग-अलग संदेशों को देख सकता है, यदि उसके डॉक्टर / डॉक्टरों ने इस प्रकार के संचार को सक्रिय कर दिया है।
- ऐसा प्रत्येक विदेशी सभी अपने निर्धारित रेफ़रल की सूची देख सकता है और अपने निष्कर्षों (परीक्षण के रिपोर्ट) और डिस्चार्ज पत्रों की समीक्षा कर सकता है।
- ऐसा प्रत्येक विदेशी प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल में चुने हुए डॉक्टरों द्वारा अपनी निर्धारित दवाओं के बारे में जानकारी देख सकता है।
- ऐसा प्रत्येक विदेशी अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड के अन्य विवरणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकता है। पोर्टल जानकारी देता है अलग-अलग स्वास्थ्य सेवाओं के अधिकारों के बारे में। सिका मतलब है कि पोर्टल पर आपको उस जानकारी मिलेगा कि अलग-अलग स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में आपको किससे बात करना है (डिजिटल रूप में)।

स्वास्थ्य पोर्टल केवल क्रोआती भाषा में ही उपलब्ध है। वेबसाइट का पता है: https://portal.zdravlje.hr/portalzdravlja/login.html। आप एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफॉर्म के मोबाइल ऐपों का उपयोग करके भी इसे देख सकते हैं।

स्वास्थ्य पोर्टल ई-नागरिक प्लेटफ़ॉर्म (https://gov.hr/) का हिस्सा है, जिसे आप एक क्रेडेंशियल का उपयोग करके एक्सेस कर सकते हैं, जो कि आपकी इलेक्ट्रॉनिक पहचान की पुष्टि करने का एक साधन है। (उदाहरण के लिए, यदि आप इंटरनेट या मोबाइल बैंकिंग का उपयोग करते हैं तो हो सकता है कि आपके पास पहले से ही ऐसा क्रेडेंशियल है)।

प्रत्येक रेफ़रल पर उस स्वास्थ्य सेवा का नाम लिखा होता है जो रोगी (मरीज़) को करनी चाहिए। रेफ़रल पर विशेष चिह्नें (जैसे A1, A4, C1, आदि) लिखे होते हैं। प्रत्येक चिह्न का अपना ही अर्थ होता है। चिह्नों का मतलब हो सकता है कि आपको कब तक उस स्वास्थ्य सेवा के लिए किसी क्लिनिक को बुलाना है और / या कितने समय के भीतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जानी चाहिए। जब आपको रेफ़रल मिल जाए, तो पूछें कि रेफ रेफ़रल रल पर चिह्नों का क्या मतलब है। आप उस डॉक्टर से भी प्रश्न पूछ सकते हैं जिसने आपका रेफ़रल जारी किया था।

एक नियम के रूप में, रेफ़रल इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी किए जाते हैं। ऐसे रेफ़रल प्रत्येक रोगी के लिए स्वास्थ्य पोर्टल (Portal zdravlja) पर दिखाई देते हैं। रेफ़रल इलेक्ट्रॉनिक रूप के अलावा कागज़ के रूप में भी जारी किए जा सकते हैं।


## मैं उस स्वास्थ्य सेवा के लिए कैसे नियुक्ति कर दूं जिसके लिए डॉक्टर ने मुझे रेफ़रल दिया है ?


जिस डॉक्टर ने आपको रेफ़रल जारी किया है, वह आपके नाम में उस स्वास्थ्य संस्थान में जाँच, परिक्षण या उपचार के लिए भी नियुक्ति कर सकता है जिस संस्थान में वह स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है।
हालाँकि, यह जानना ज़रूरी है कि आप जिस जांच, या उपचार के लिए रेफ़रल किए गए हैं, उसके लिए आप अपने आप से नियुक्ति कर सकते हैं। तब यह पूछना ज़रूरी है कि आप किस तरीके से नियुक्ति कर सकते हैं। आपको यह वेबसाइट पर जाकर या व्यक्तिगत रूप से उस स्वास्थ्य संस्थान में जाकर जहाँ आप जाँच आदि की नियुक्ति करना चाहते हैं पता चल जाएगा।

- आप इस लिंक पर क्रोआती भाषा में नियुक्ति करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी पा सकते हैं।

यह जानना ज़रूरी है कि विशेषज्ञ परीक्षाओं या व्यक्तिगत नैदानिक परीक्षणों के लिए कभी-कभी लंबा इंतज़ार करना पड़ता है। उदाहरण के लिए, 2022 में, ज़ाग्रेब क्लिनिकल हॉस्पिटल सेंटर में कुछ नैदानिक परीक्षणों के लिए एक वर्ष से अधिक समय तक इंतज़ार करनी पड़ी।

किसी विशेष परीक्षण या जाँच के लिए नियुक्तिलेने से पहले, उनके लिए औसत प्रतीक्षा अवधि के बारे में पता लगाना उचित है। आप यह दो तरीके से कर सकते हैं:
- प्रत्येक काम करने दिन के सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक आप फ़ोन कर सकते हैं 0800 7229; या




➔ वेबसइट www.hzzo-net.hr/e_listei.htm पर जाकर आप एक ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। एक फ़ील्ड का नाम होगा „Unesite naziv postupka" („प्रक्रिया का नाम दर्ज करें")। उस फ़ील्ड भरने के बाद उस काउंटी को चुन लीजिये जिस में आप स्वास्थ्य सेवा की नियुक्ति चाहते हैं। „Provjerite" („चेक") बटन दबाने के बाद, आपको किसी विशेष स्वास्थ्य देखभाल संस्थान के लिए पहली उपलब्ध नियुक्तियों („ Prvi slobodni termini" यानी "प्रथम उपलब्ध नियुक्ति") और प्रतीक्षा दिनों की संख्या („Broj dana čekanja" यानी „प्रतीक्षा दिनों की संख्या") के बारे में जानकारी मिलेगी।

## मेरे पास रेफ़रल और नियुक्ति दोनों हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे कहाँ जाना है - मुझे क्या करना चाहिए ?

जब किसी व्यक्ति को क्रोएशिया में स्वास्थ्य सेवा का उपयोग करने की ज़रूरत पड़ती है, तो कभी-कभी ऐसा हो सकता है कि व्यक्ति मिली हुई जानकारी को समझती नहीं। उसका मतलब है कि व्यक्ति को पक्का नहीं है कि पंजीकरण करने, नियुक्ति करने या स्वास्थ्य सेवा लेने के लिए उसे कहाँ-कहाँ जाना है।

उस डॉक्टर से अच्छी जानकारी मिलना ज़रूरी है जिसने आपको किसी विशिष्ट स्वास्थ्य सेवा के लिए रेफ़रल जारी किया है। आपपको उनसे पूछना ज़रूरी है कि आप इस सेवा को कहाँ से मिल सकते हैं। आप सेवा मिलने के स्थान के बारे में कुछ स्वास्थ्य संस्थानों के स्वागत कार्यालयों में किसी नर्स या तकनीशियन से भी पूछ सकते हैं।

डॉक्टर के पास प्रत्येक दौरे के दौरान, यह ज़रूरी है कि आप सेवा के बारे में सारी जानकारी कागज़ पर लिखें या उन्हें अपने मोबाइल फ़ोन में दर्ज करें। आपका डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य अधिकारी आपको आवश्यक सेवा के स्थान के बारे में यह जानकारी दे सकता है।
जानकारी कभी-कभी जटिल हो सकते हैं (उदाहरण के लिए "हरे रंग वाली इमारत में", "तीसरी मंजिल पर, बाईं ओर का दूसरा दरवाज़ा") या गलत (उदाहरण के लिए जब कोई विशेष कार्यालय भूकंप या किसी और के कारण स्थान बदलता है)। इसलिए, उस संस्थान में जहाँ सेवा दी जाती है, संस्थान के काम करने वाले कर्मचारियों से अतिरिक्त पूछताछ करना ज़रूरी है।

# आप रोगी के रूप में अपना अधिकार कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?

# मैं क्या कर सकता / सकती हूँ, अगर डॉक्टर मुझे जाँच या परिक्षण देना नहीं चाहता है ? मैं क्या कर सकता / सकती हूँ, अगर मुझे सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान में दी गई किसी सेवा पर शिकायत हो ?

कई तरीके होते हैं जिनसे आप सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा देने के बारे में शिकायत कर सकते हैं। आपके शिकायत के उद्देश्य के आधार पर आप उस शिकायत की तरीका चुन लीजिये जिससे आप उसे हासिल कर सकते हैं।

**1. जिस संस्थान में आपको स्वास्थ्य सेवाएँ ली गईं, आप उस पर शिकायत भेज सकते हैं:**

- आप अपना शिकायत भेजते हैं संस्थान के निदेशक या प्रबंधन या एक वाणिज्यिक कंपनी चलाने के लिए अधिकृत व्यक्ति, यानी एक निजी स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता को। आप संस्थान की वेबसाइट पर सूचीबद्ध पत्ते और संपर्क जानकारी का उपयोग करके शिकायत भेज सकते हैं।
- निदेशक (या कोई दूसरा कार्यकर्ता) आपकी शिकायत पर बिना किसी देरी के उत्तर देने के लिए बाध्य है। वह आपको लिखित रूप में किए गए उपायों के बारे में सूचित करने के लिए भी बाध्य है। निदेशक या कोई अन्य व्यक्ति शिकायत प्राप्त होने के 8 दिन के भीतर आपको उत्तर देने के लिए बाध्य है।

**2. अगर व्यक्ति उठाए गए कदमों से संतुष्ट नहीं है, तो वह अपने अधिकारों की सुरक्षा की माँग कर सकता है:**

a) स्वास्थ्य मंत्रालय के मंत्री से:
- शिकायत इस पत्ते पर प्रस्तुत की गई है: Ksaver 200a, 10000 Zagreb;
- शिकायतें प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक फ़ोन करके दे सकते हैं (शिकायत देने का मुफ़्त फ़ोन नंबर है 0800-7229)। आप अपना शिकायत ई-मेल पर भी भेज सकते हैं। ई-मेल का पत्ता है: pisarnica@miz.hr ।

b) सक्षम कक्षों (पेशेवर संघों) से: शिकायत मिलने पर, चैंबर (संघ) उस अधिकारी के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही शुरु कर सकता है जिसके खिलाफ मरीज़ (रोगी) शिकायत करता है;

**क्रोआती मेडिकल चैंबर (क्रोआती भाषा में नाम Hrvatska liječnička komora)**
आप शिकायत दर्ज करने का तरीका निचे दी गयी लिंक पर पढ़ सकते हैं:
https://www.hlk.hr/disciplinski-postupak.aspx

**क्रोआती नर्सों का चैंबर (क्रोआती भाषा में नाम Hrvatska komora medicinskih sestara)**
आप शिकायत चैंबर के सचिव को इस पत्ते पर भेजते हैं: Maksimirska 111/2, 10000 Zagreb http://www.hkms.hr/data/1321863849_481_mala_Pravilnik%20o%20pravima%20i%20odgovornostima%20medicinskih%20sestara.pdf

आप जिस क्षेत्र के बारे में शिकायत कर रहे हैं उसके आधार पर आप अपनी शिकायत स्वास्थ्य देखभाल के अन्य चैंबरों को भी भेज सकते हैं। आप सीधे व्यक्तिगत कक्षों से संपर्क करके शिकायत दर्ज करने के तरीके के बारे में पता लगा सकते हैं।

**अन्य चैंबर के नाम:**

- क्रोआती दाईयों का चैंबर (क्रोआती भाषा में नाम Hrvatska komora primalja)
- क्रोआती दांत चिकित्सा का चैंबर (Hrvatska komora dentalne medicine)
- क्रोआती शारीरिक चिकित्सकों का चैंबर (Hrvatska komora fizioterapeuta)
- क्रोआती मेडिकल बायोकेमिस्ट्स का चैंबर (Hrvatska komora medicinskih biokemičara)
- क्रोआती फार्मासिस्ट्स का चैंबर (Hrvatska ljekarnička komora)
- क्रोआती मनोवैज्ञानिक चैंबर (Hrvatska psihološka komora)
- स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का क्रोआती चैंबर (Hrvatska komora zdravstvenih radnika)

गंभीर लापरवाही या कदाचार के मामले में, मरीज़ (रोगी) हर्जाने के लिए अदालती कार्यवाही शुरू कर सकता है। इसका मतलब है कि आप पुलिस या राज्य वकील के पास आपराधिक शिकायत दर्ज कर सकते हैं। ऐसी प्रक्रियाएँ शुरू करने से पहले, यह सलाह दी जाती है कि आप एक वकील से परामर्श लें। इससे आप समझ सकेंगे कि आपके लिए कौन-सी प्रक्रियाएँ और कानूनी उपाय उपलब्ध हैं।

## मैं क्या कर सकता / सकती हूँ अगर मुझे क्रोआती भाषा नहीं आती ?

ऐसे कई अलग-अलग उपकरण होते हैं जो आपको केवल क्रोआती भाषा बोलने वाले लोगों के साथ संवाद (बात) करने में मदद कर सकते हैं:

- मोबाइल एप्लिकेशन पर मशीनी अनुवाद (गूगल ट्रांसलेट / Google translate/, लेंस /Lens / , यांडेक्स ट्रांसलेट / Yandex Translate / , पापागो / Papago / , आयट्रांसलेट / iTranslate / , टॉकिंग ट्रांसलेटर / Talking Translator / , से हाय ट्रांसलेट / SayHi Translate /  और कई अन्य एप्लिकेशन);

- आप टार्जिमली मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग कर सकते हैं। यह एप्लिकेशन अनुवादकों के एक नेटवर्क को एक साथ लाता है। उनमें से कुछ स्वेच्छा से काम करते हैं और कुछ पैसे के लिए। आप मोबाइल एप्लिकेशन पर अनुरोध पूरा करके आसानी से (2-5 मिनट के अंदर) दोनों को पा सकते हैं।

- नागरिक समाज संगठन अनुवादक ढूँढने में आपकी मदद कर सकते हैं।

# अपने अधिकारों का प्रयोग करने में सहायता (मदद) के लिए मैं किससे बात कर सकता / सकती हूँ ?

ज़गरेब में नागरिक समाज संगठन (एनजीओ) होते हैं जो मदद करते हैं अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चाहने वालों को या उन लोगों को जिनको अंतरराष्ट्रीय या अस्थायी सुरक्षा मिली है। कैसे ? एक-एक संगठन लोगों को अलग-अलग गतिविधियों में शामिल करते हैं जैसे क्रोआती भाषा सीखना, अपने अधिकारों की प्राप्ति में मदद, मानवीय मदद की प्राप्ति में मदद, आदि। प्रत्येक संगठन कोई-न-कोई प्रकार की मदद दे सकता है। अलग-अलग संगठन दैनिक आधार पर एकसाथ भी काम करते हैं। इस सञ्चालन का नाम होता है एकीकरण का समन्वय।

## क्रोआती रेड क्रॉस (Hrvatski Crveni križ)

www.hck.hr
azil-migracije@hck.hr

क्रोआती रेड क्रॉस, क्रोएशिया गणराज्य की रेड क्रॉस की नेशनल सोसायटी, अपने मानवीय कार्य और बुनियादी सिद्धांतों के अनुसार, उन लोगों की मदद करती है (जैसे सुरक्षा देने के लिए) जो अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा चाहते हैं या जिनको ऐसी सुरक्षा या अस्थायी सुरक्षा मिली गयी है। रेड क्रॉस दूसरे लोगों (प्रवासियों जैसे) की मदद भी करती है जब भी उनको मदद चाहिए। रेड क्रॉस अपना काम करता है आतंरिक मामलों के मंत्रालय के साथ, संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त शरणार्थियों(यूएनएचसीआर), अन्य संस्थानों और नागरिक समाज संगठनों के साथ भी। रेड क्रॉस न केवल अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा चाहने वालों "पोरिन" के स्वागत केंद्र में बल्कि पूरे क्रोएशिया में भी काम करता है।

## एमडीएम (मेडेसिन्स डू मोंडे) (Médecins du Monde)

www.facebook.com/MdMCroatia
genco.croatia@medecinsdumonde.be

एमडीएम (मेडेसिन्स डू मोंडे) एक अंतरराष्ट्रीय मानवीय संगठन है। एमडीएम सबसे कमज़ोर समूहों को चिकित्सा देखभाल देता है। किस-किस की मदद एमडीएम करता है ? एमडीएम युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं, बीमारी, भूख, गरीबी या समाजिक बहिष्कार से पीड़ित लोगों के साथ-साथ उन लोगों की मदद करता है जिनके पास स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच नहीं होता है।

## एवायएस – क्या आप सीरियस (सीरिया से) हैं ? (AYS – Are You Syrious ?)

areyousyrious@gmail.com
पता: बोजीदारा मागोवत्सा 165 (कंक्रीट प्लेटफार्म पर सीढ़ियां चढ़कर आइए), 10 000 ज़ाग्रेब, क्रोएशिया (Božidara Magovca 165, 10 000 Zagreb, Croatia)
काम करने समय: सोमवार / बुधवार / शुक्रवार, दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक

एवायएस एक गैर-सरकारी संगठन है (एनजीओ), जो शरण चाहने वालों, अंतरराष्ट्रीय या अस्थायी सुरक्षा के तहत व्यक्तियों की मदद करता है। ज़गरेब में एवायएस के स्वयंसेवक अपनी दुकान में मानवीय सहायता देते हैं। उनकी दुकान का नाम है फ़्री शॉप (मुफ्त दुकान)। उस दुकान में शरण चाहने वाले और अंतरराष्ट्रीय या अस्थायी सुरक्षा वाले कपड़े, जूते, स्वच्छता और घरेलू सामान मुफ्त में प्राप्त कर सकते हैं। फ़्री शॉप के अलावा, एवायएस में बच्चे और बड़े लोग भी एकीकरण के कार्यक्रम और / या क्रोआती भाषा सीखने के पाठ्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। एवायएस लोगों की मदद करता है अपने अधिकारों के प्रयोग में ताकि लोग आसानी से शिक्षा, आवास, स्वास्थ्य देखभाल या नौकरी तक पहुँच सकते हैं।

## बॉर्डर्स: नन (सीमाएँ: कोई नहीं) (BORDERS: NONE)

www.bordersnone.com/coders-without-borders
hello@bordersnone.com
पता: ऊलित्सा (सड़क) योसिपा सायसला 68, 10 000 ज़ाग्रेब, क्रोएशिया (Ulica Josipa Seissla 68, 20 000 Zagreb, Croatia)
काम करने समय: सोमवार से शुक्रवार तक, सुबह से 10 बजे से शाम को 7 बजे तक

बॉर्डर्स: नन ज़ाग्रेब का एक संगठन है जो शरणार्थियों की मदद करता है समाज में एकीकरण और समावेशन के साथ। संगठन अनौपचारिक शिक्षा और रोज़गार में भी मदद करता है। इसके अलावा आप स्थानीय लोगों से बैठकों में या अंग्रेजी भाषा सीखने के पाठ्यक्रम में भी वहाँ शामिल हो सकते हैं। उनके पास दो बड़ी परियोजनाएँ भी होती हैं। 1) शरणार्थियों के लिए एक कोडिंग सीखने की परियोजना है। उसमें आप HTML, CSS और जावास्क्रिप्ट सीख सकते हैं। 2) दूसरी परियोजना युवा शरणार्थियों के लिए एक परामर्श की है। यह परियोजना शरणार्थियों को स्थानीय लोगों से जोड़ती है। उसी तरह स्थानीय लोग युवा शरणार्थियों के सलाह देने वाले बनते हैं। वे युवकों की मदद करते हैं ताकि वे रोज़ की समस्याओं का सामना आसानी से कर सकते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

## शांति अध्ययन केंद्र (सीएमएस) (CMS – Centar za mirovne studije)

www.cms.hr
cms@cms.hr
फ़ोन : +385913300183 (besplatna pravna pomoć / मुफ़्त कानूनी सहायता)
पता: मानवाधिकार सदन, सेलस्का त्सेसता (मार्ग) 112 आ, 10 000 ज़ाग्रेब, क्रोएशिया (Kuća ljudskih prava, Selska ulica 112a, 10 000 Zagreb)
काम करने समय : सोमवार से शुक्रवार तक, सुबह से 9 बजे से शाम को 5 बजे तक

सीएमएस एक नागरिक समाज संगठन है जो प्रवासियों, अंतरराष्ट्रीय और अस्थायी सुरक्षा के तहत व्यक्तियों और शरण चाहने वालों के अधिकारों सहित विभिन्न विषयों से संबंधित है। संगठन की प्राथमिकता वकालत है। संगठन मुफ़्त कानूनी सहायता, क्रोआती भाषा में सहायता और विभिन्न सेवाओं तक पहुँचने में सहायता भी देता है। संगठन प्रवासियों, अंतर्राष्ट्रीय और अस्थायी सुरक्षा के तहत व्यक्तियों और शरण चाहने वालों के लिए शिक्षा, आवास, रोजगार और स्वास्थ्य और अन्य एकीकरण गतिविधियों तक पहुँचने की मदद देता है।

## मनोवैज्ञानिक सहायता संगठन (डीपीपी) (Društvo za psihološku pomoć)

www.dpp.hr
spa@dpp.hr
पता: ऊलीत्सा (सड़क) क्नेज़ा मिस्लावा 11, 10 000 ज़ाग्रेब, क्रोएशिया (Ulica kneza Mislava 11, 10 000 Zagreb, Croatia)

मनोवैज्ञानिक सहायता संगठन (डीपीपी) एक गैर-लाभ नागरिक सामाज का संगठन हैं । उसका स्थापना 1993 में हुआ, जब लोगों को मानसिक स्वास्थ्य की मदद बिलकुल ज़रूरी थी युद्ध के कारण । अपने पहले वर्षों में तो डीपीपी लोगों की सबसे ज़्यादा युद्ध के दौरान और युद्ध के बाद मानसिक स्वास्थ्य के संकटों से कैसे जीना मदद करता था । उसके साथ ही डीपीपी पुरे समाज को मनोसामाजिक सहायता भी देता था । वर्षों बाद डीपीपी ने तो नागरिकों के लिए अलग-अलग नयी मनोसामाजिक सेवाएँ बनाया है । इसके अलावा संगठन पेशवारों के लिए प्रशिक्षण देता है ।

## जेसुइट शरणार्थी सेवा (जेआरएस) JRS – Isusovačka služba za izbjeglice (Jesuit Refugee Service)

hrv.jrs.net/hr
info@jrs.hr
फ़ोन: +385 98 979 2298
पता: माक्सीमीरस्का त्सेसता (मार्ग) 286, 10 040 ज़ाग्रेब, क्रोएशिया (Maksimirska cesta 286, 10 040 Zagreb)
काम करने समय : सोमवार से शुक्रवार तक, सुबह से 8 बजे से शाम को 4 बजे तक

जेसुइट शरणार्थी सेवा (जेआरएस) एक अंतरराष्ट्रीय कैथोलिक मानवतावादी संगठन हैं जो दुनिया भर के 50 से अधिक देशों में मौजूद है । जेआरएस होमलैंड युद्ध के समय से ही क्रोएशिया में अपना काम करता है । जेसुइट शरणार्थी सेवा (जेआरएस) का मिशन शरणार्थियों और सभी ज़बरदस्ती से विस्थापित व्यक्तियों के अधिकारों की निगरानी, सेवा और वकालत करना है । शरणार्थी एकीकरण केंद्र में, एसओएल (जेआरएस का एक टीम) शरणार्थियों की मदद करती हैं: क्रोआती भाषा सीखने में, अंतर-सांस्कृतिक आदान-प्रदान में, एकीकरण और कानूनी सहायता के रूप में ।

## आरसीटी – ज़गरेब का तनाव और आघात का पुनर्वास केंद्र (RCT – Rehabilitacijski centar za stres i traumu Zagreb)

www.rctzg.hr
info@rctzg.hr
फ़ोन: +385 1 4641 342
पता: क्वातेरनीकोव तर्ग (चौक) 12, 10 000 ज़ाग्रेब, क्रोएशिया (Kvaternikov trg 12, 10 000 Zagreb, Croatia)

तनाव और आघात का पुनर्वास केंद्र (आरसीटी) एक स्वतंत्र, गैर-लाभकारी संगठन है जो कम अवसरों वालों को मनोवैज्ञानिक सहायता और सामाजिक समावेशन में सहायता देता है । आरटीसी सीमित अवसरों वालों को मनोसामाजिक परामर्श और सहायता देता है ताकि वे अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सकते हैं । कम अवसरों वाले समुदायों में, आरटीसी सामाजिक सेवाओं को विक्सित करके लोगों को देता है । आरटीसी का उद्देश्य है कि ऐसी सेवाएँ उपलब्ध और अच्छी बन जाएँ । आरटीसी सामाजिक समावेशन और सामाजिक सेवाओं के प्रावधान के क्षेत्र में नीतियों में सुधार के पक्ष में हैं ।

# गैर यूरोपीय संघ के देशों के नागरिकों के लिए एक गाइड-किताब क्रोएशिया के स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का इस्तेमाल कैसे करें ?

प्रकाशक:
शांति अध्ययन केंद्र (सीएमएस)
www.cms.hr
www.facebook.com/CentarzaMirovneStudije
www.instagram.com/cmszagreb/

संपादक:
आंतोनिया पोतोचकी, लूका कोस

प्रूफ़ पढ़ना:
कार्ला कोस्तादीनोवस्की

छपाई की तैयारी:
रादन्या, आंतोनिओ काराचा

ज़ाग्रेब, अक्टूबर 2023.

यह ब्रोशर ASAP - सेवाओं तक पहुँचना, अलग-अलग दृष्टिकोणों और प्रथाओं को साझा करने के प्रोजेक्ट का हिस्सा हैं। शरण, प्रवासन और एकीकरण के लिए यूरोपीय संघ कोष इस परियोजना को वित्तपोषित करता है। इस ब्रोशर की सामग्री लेखक के विचारों का प्रतिनिधित्व करती है। लेखक अपने विचारों के लिए पूरी तरह ज़िम्मेदार हैं। यूरोपीय आयोग इस ब्रोशर में निहित जानकारी के उपयोग के लिए कोई ज़िम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है।

क्रोएशिया गणराज्य की सरकार का गैर सरकारी संगठनों का कार्यालय इस परियोजना का सह-वित्तपोषण करता है। इस ब्रोशर में व्यक्त विचार शांति अध्ययन केंद्र की एकमात्र ज़िम्मेदारी हैं। ब्रोशर में छापे हुए विचार क्रोएशिया गणराज्य की सरकार के गैर सरकारी संगठनों के कार्यालय के विचारों को नहीं दर्शाते हैं।

Funded by the European Union's Asylum, Migration and Integration Fund

VLADA REPUBLIKE HRVATSKE
Ured za udruge

इस ब्रोशर को इलेक्ट्रॉनिक रूप में एक्सेस करने के लिए, नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.cms.hr पर जाएँ।